### खबर संक्षेप

## जिले में अब तक 192.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 10 जुलाई तक कुल 192.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 439.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 616.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 361.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 219.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। रीठी में 258.4 मिलीमीटर, बड़वारा में 64.5 मिलीमीटर, बरही में 145.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ में 146.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 221.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 361.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 121.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**कटनी।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश पूर्व में नवीन या नवीनीकरण आवेदन करने से वंचित रह गए थे, वे अब 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कटनी ने बताया कि नवीन या नवीनीकरण आवेदन करने से वंचित रह गए छात्रों के लिए एमपीटास पोर्टल को पुनः खोला गया है, जिससे पात्र छात्र-छात्राएं समय सीमा के भीतर अपना आवेदन पूर्ण कर सकें। सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से पहले पोर्टल पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके।

## लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को,

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से त्वरित एवं सरल निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को विशेष तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त करें।

## विधवा श्रमिकों को आजीवन सहायता दे रही 'कल्याणी योजना'

**कटनी।** श्रम विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित 'कल्याणी सहायता योजना' श्रमिकों के परिवारों, विशेषकर विधवा पत्नियों के लिए आर्थिक संबल का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। इस योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी को आजीवन आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वह सम्मानपूर्वक अपना जीवनयापन कर सके। श्रम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राही को नजदीकी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के पश्चात संबंधित श्रम कल्याण अधिकारी द्वारा दस्तावेजों का परीक्षण कर स्वीकृति प्रदान की जाती है। आवेदन के लिए श्रमिक का मृत्यु प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, संस्थान का प्रमाण-पत्र तथा समग्र आईडी शामिल हैं।

### डेंगू, मलेरिया, डायरिया व चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों का बढ़ जाता है खतरा

# बारिश में मस्ती के साथ एहतियात जरूरी बीमारियों की खेप लेकर पहुंचती है बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारिश का मौसम जहां खेती-किसानी के लिए अमृत समान होता है वहीं दूसरी ओर यह मौसम लोगों के लिए बीमारियों की सौगात लेकर भी पहुंचता है। लगातार हो रही बारिश के कारण जगह जगह जल जमाव हो गया है। आबादी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं। यदि साफ पानी का जमाव है तो भी और गंदे पानी का जमाव तो पहले से नुकसानदेह है। पानी में ही डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं।

बरसात के साथ इन बीमारियों की दस्तक भी हो जाती है। मच्छरों एवं मक्खियों की पैदावार बढ़ने के साथ ही बीमारियां तेजी से फैलती है। खानपान में लापरवाही भी पेट संबंधी बीमारियों की वजह बन सकती है। बीमारियों की रोकथाम के तमाम प्रयास के बावजूद मामले बढ़ने लगते हैं। खासतौर पर डेंगू व चिकनगुनिया की बीमारी ज्यादा खतरनाक साबित होती है। शासकीय अस्पताल हो या निजी सभी अस्पतालों में



मलेरिया, वायर फीवर, डायरिया आदि के मरीजों की संख्या तेजी से इजाफा होता है।

बच्चों का रखें विशेष ध्यान

बारिश के मौसम में बच्चों की विशेष केयर की जरूरत होती है। चूंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इस वजह से बच्चे इसके ज्यादा शिकार बन जाते हैं। बारिश में लगातार भीगने के कारण कई बच्चों को निमोनिया भी हो जाता है। सांस लेने में परेशानी होने लगती है। ऐसा होने पर डाक्टरों से तुरंत सलाह लेनी चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों को बारिश से बचाना बहुत जरूरी होता है।

### ऐसे फैलता है डेंगू

-डेंगू के सबसे ज्यादा मामले बरसात के मौसम में देखने में आते हैं।
-डेंगू फैलानेवाले मच्छर दिन में काटते हैं। ये ज्यादातर घुटनों के नीचे काटते हैं।
-डेंगू मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते हैं।
-कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को डेंगू आसानी से हो जाता है।

### ये रखें सावधानियां

-घर के अंदर और आस-पड़ोस में पानी जमा न होने दें।
-पानी के बर्तन को खुला न रखें।
-किचेन और वाशरूम को सूखा रखें।
-कूलर का पानी सुबह-शाम बदलते रहें।
-खिड़कियों और दरवाजों में जाली लगवाएं।
-शरीर को पूरी तरह से ढंकनेवाले कपड़े पहनें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें।
-घर के आसपास मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव करवाएं।

### डेंगू के लक्षण

- डेंगू के लक्षण लगभग 3 से 14 दिन बाद दिखते हैं। तेज ठंड लगकर बुखार आता है। सिर और आंखों में दर्द होता है।
- शरीर और जोड़ों में दर्द में होता है।
- भूख कम लगना, जी मचलाना, उल्टी और दस्त होना। - चमड़ी के नीचे लाल धब्बे आने शुरु हो जाते हैं।
- मरीज को सिर दर्द रहता है। मांसपेशियों में तेज दर्द होने लगता है
- ब्लड प्रेशर, रक्त चाप घटता-बढ़ता है। इससे शिथिलता और कमजोरी महसूस होने लगती है।

### मलेरिया के लक्षण

मलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जो परजीवी रोगाणु की वजह से होती है। ये रोगाणु इतने छोटे होते हैं कि हम इन्हें देख नहीं सकते। मलेरिया से ग्रसित मरीज को बुखार, कंपकंपी, पसीना आना, सिरदर्द, शरीर में दर्द, जी मचलना। समय पर सही इलाज न कराने पर इसके मरीज की जान पर खतरा भी बन जाता है।



# चोरी गये ट्रक को पुलिस ने कुछ घंटों में ही किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला पुलिस ने ट्रक चोरी के मामले में कुछ घंटों के भीतर ही ट्रक को बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी यश नामदेव 20 वर्ष निवासी पुरैनी ने रिपोर्ट में बताया था कि टाटा 709 मिनी ट्रक मोबाइल क्रेन क्रमांक GJ 05 BZ 9174 में हेल्पर का काम करता है। 08/07/2026 की रात्रि में चालक प्रकाश साहू के साथ ट्रक को एचपी पेट्रोल पम्प के सामने, पुरैनी रोड किनारे खड़ा किया था अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में चोरी कर लिया गया है।

रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम गठित कर तलाश प्रारम्भ की गई। तलाश के दौरान वाहन में लगे जीपीएस सिस्टम से ट्रक की लोकेशन ट्रेस करते हुए ग्राम बड़खेरा बिहला मोड़ कच्चा मार्ग पर पुलिस टीम द्वारा जिला जबलपुर से चोरी गए ट्रक को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। वाहन की पहचान वाहन स्वामी एवं साक्षियों द्वारा की गई। अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई जिसमें विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा, आरक्षक बुद्धू कुमार, राजू मार्को की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# 12 जुलाई को आयोजित होगी जूडो प्रतिभा चयन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के खेल प्रतिभाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार वर्ष 2026-27 के लिए राज्य खेल अकादमियों में प्रवेश हेतु प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार, 12 जुलाई को माधवनगर स्थित बैडमिंटन हॉल, कटनी में जूडो खेल प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम "टैलेंट सर्च 2026-27" महाअभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राज्य स्तर पर आगे बढ़ाना है।

### निःशुल्क रखी गई प्रक्रिया

जिले के 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक खिलाड़ियों से इस चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की गई है, ताकि वे राज्य खेल अकादमियों में प्रवेश प्राप्त कर अपने खेल करियर को नई दिशा दे सकें। जूडो खेल की यह चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है, जिससे अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी इसका लाभ उठा सकें। इच्छुक खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कटनी से संपर्क कर सकते हैं या विभाग की वेबसाइट dsywmp.gov.in पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## "पीएम श्रमयोगी मानधन" योजना से असंगठित श्रमिकों को मिलेगी पेंशन की सुविधा

**कटनी।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा "प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना" संचालित की जा रही है। इस योजना के माध्यम से रिक्शा चालक, फेरीवाले, निर्माण मजदूर, घरेलू कामगार, दर्जी, पान विक्रेता, छोटे दुकानदार सहित ऐसे सभी श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये या उससे कम है, पेंशन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिक की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत पहले से लाभान्वित श्रमिक इस योजना के पात्र नहीं होंगे।

यह योजना पूरी तरह से स्वैच्छिक एवं अंशदायी है, जिसमें लाभार्थी को अपनी आयु के अनुसार प्रतिमाह निर्धारित अंशदान जमा करना होता है। इसके बराबर अंशदान केंद्र सरकार द्वारा भी श्रमिक के खाते में जमा किया जाता है। 60 वर्ष के बाद मिलेगी पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रति माह न्यूनतम 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाएगी। यदि पेंशन प्राप्ति के दौरान लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके जीवनसाथी या नामांकित व्यक्ति को पेंशन की 50 प्रतिशत राशि पारिवारिक पेंशन के रूप में मिलती रहेगी। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में जाकर पंजीयन करा सकते हैं।

## नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया सफाई अभियान



वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता एवं जल निकासी अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा नाले-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट एवं कचरे की निकासी तथा जल निकासी मार्गों को अवरोध मुक्त बनाए रखने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। निगम का स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अमला विभिन्न वार्डों में लगातार भ्रमण कर नाले-नालियों की साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था की निगरानी एवं आवश्यक सुधार कार्य सुनिश्चित कर रहा है। जिन स्थानों पर जलभराव की संभावना रहती है, वहां विशेष निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। सफाई कार्यों में आवश्यक मशीनरी एवं संसाधनों का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है तथा प्रमुख नालों की समय-समय पर सफाई कर जल प्रवाह को सुचारू बनाए रखने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

# प्राकृतिक आपदाओं में फसलों को होने वाले नुकसान के लिये किसान कराएं फसल बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2026 के अंतर्गत जिले के कृषकों के लिए अपनी अधिसूचित फसल का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

उपसंचालक कृषि खेलावन डेहरिया नें बताया कि ऐसे ऋणी कृषक जिन्होंने बैंक से फसल ऋण लिया है, वे उसी बैंक में अपना फसल बीमा करवा सकते हैं जबकि ऐसे अऋणी कृषक जिन्होंने कोई खरीफ फसल का बीमा नहीं कराया है, वें सभी 31 जुलाई तक किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाता बैंक, सहकारी समितियों, बैंक, जन सेवा केंद्र एवं ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित जन सेवा केंद्रों के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं।कृषकों को बीमा कराते समय घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण एवं बुवाई प्रमाण पत्र साथ ले जाना अनिवार्य होगा। खरीफ में अनाज एवं दलहन फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रीमियम देय है। धान सिंचित के लिए प्रति हेक्टयर पर 44,800 रूपये कि राशि पर 896 रूपये की प्रीमियम राशि देय होंगी। इसी प्रकार धान असिंचित के लिए प्रति हेक्टयर पर 31,500 रूपये की राशि पर 630 रूपये का प्रीमियम, मक्का के लिए प्रति हेक्टयर 31,000 रूपये की राशि पर 620 रूपये का प्रीमियम, तुअर फसल के लिए प्रति हेक्टयर 35,000 रूपये की राशि पर 700 रूपये का प्रीमियम व तिल की फसल के लिए प्रति हेक्टयर 22,100 की राशि पर 420 रूपये का प्रीमियम देय होगा।

कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि 31 जुलाई तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य करवाएं। प्राकृतिक आपदा या अन्य असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित हो सके। फसल बीमा योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं सहायता प्राप्त करनी हो तों वें हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं।

### कुठला थाना क्षेत्र के सांई कालोनी में हुई चोरी की वारदात

# 95 हजार रूपये नकदी सहित लाखों रूपये की जेवरात लेकर चंपत हुये चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईं कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों रुपये कीमती सोने-चांदी के जेवरात भी पार कर दिये। घटना उस वक्त हुई जब बाहर गया हुआ था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, साईं कॉलोनी निवासी अजय बैरागी 23 वर्ष वर्तमान में कुठला थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रहता है। अजय अपनी बीमार माँ का इलाज कराने के लिए बीते 29 जून 2026 को



नागपुर गया हुआ था। इस दौरान उसका पूरा घर सूना था। अजय बैरागी ने बताया कि जब वह 4 जुलाई 2026 को वापस कटनी आया और अपने घर पहुँचा, तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा था।

### ये सामग्री चोरी

अज्ञात चोरों ने 2 जुलाई की रात से 3 जुलाई की सुबह के बीच सूने घर का ताला चटकाया और अंदर दाखिल हुए। चोरों ने बेडरूम में रखी अलमारी को खंगालकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और 95,000 रूपये नगद चोरी कर लिए। पीड़ित के अनुसार चोरो ने घर से 02 नग सोने के हार, 04 नग सोने की अंगूठियां, 03 नग सोने की चेन और भगवान की 01 नग सोने की चेन, 03 जोड़ी चांदी की पायल, 02 नग चांदी की करधन और 08 नग चांदी की बिछिया सहित नकदी 95,000 रूपये पार कर दिये। घर वापस लौटने और चोरी का पता चलने के बाद पीड़ित ने तुरंत कुठला थाना पहुँचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। कुठला थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गए हैं।

### तेवरी के साथ ही शहर में जगह जगह हाथठेलों में बिकवाली

# बारिश के खुशनुमा माहौल में स्वीटकार्न का आनंद ले रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वीट कार्ट की रिकार्डतोड़ बिक्री के लिये जिले में अपनी एक अलग व खास पहचान बना चुका तेवरी के एनएच 7 का किनारा पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी एक बार फिर भुट्टे की सौंधी खुशबू से महक उठा है। बारिश के खुशनुमा मौसम में तेवरी क्षेत्र में भुट्टा की जमकर बिक्री हो रही है। किसानों ने बताया कि बारिश के मौसम में लोग कुछ ज्यादा ही भुट्टे का स्वाद लेते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बेचे जाने वाले इस भुट्टे को अब राष्ट्रीय पहचान मिल चुकी है। काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक इस सड़क से वाहन निकलते हैं। कोई राहगीर भुट्टे की सजी सैकड़ों दुकानों पर बिना रुक नहीं रहता है। तेवरी के भुट्टा किसानों ने बताया कि



अब भुट्टा प्रदेश के साथ अन्य प्रदेशों में जा रहा है। एनएच के किनारे लगी दुकानों में भुट्टे की सुगंध से आकर्षित होकर लोग अपने वाहनों को रोक कर भुट्टे का स्वाद लेने के लिए रुक जाते हैं।

किसान फसल की बोवनी अप्रैल के अंतिम सप्ताह में ही कर लेते हैं। इसका कारण यह है कि जल्दी फसल बोने से जून तक भुट्टा बाजार में आ जाता है और बारिश शुरू होते ही किसानों को उसके अच्छे दाम मिलते हैं। किसानों ने बताया कि दूसरे प्रदेशों में भी मांग जिले में होने वाले भुट्टे की मांग जबलपुर, रीवा, सतना सहित अन्य जिलों में हैं। किसानों ने बताया कि दूसरे प्रदेशों से भी व्यापारी खरीदी करने पहुंचते हैं। किसानों ने बताया कि यहां दूसरे प्रदेशों से भी व्यापारी खरीदी करने पहुंच रहे हैं। एनएच-7 पर बसे तेवरी में इन दिनों चारों ओर भुट्टे की फसल लहलहा रही है। सड़क किनारे लगे ढेरों को खरीदने दूर-दूर से व्यापारी पहुंच रहे हैं।

तेवरी सहित लिगरी, गुदरी, नैंगवां, बिचुआ, सलैया, छितरवारा, देवरीभार, भेड़ा सहित एक दर्जन गांव के किसान पहले पारंपरिक रूप से देशी भुट्टे की फसल लगाते थे। कृषि विभाग की पहल पर किसानों ने उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग शुरू किया और जैसे-जैसे उसमें लाभ सामने आया, किसान उससे जुड़ते गए। किसानों के अनुसार एक एकड़ की फसल लगभग एक लाख रुपए के करीब की होती है।

# ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द खरीदी हेतु दो उपार्जन केंद्रों के स्थल में हुआ परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 जुलाई से प्रारंभ होकर 10 अगस्त 2026 तक संचालित की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर किसानों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इनमें से 2 उपार्जन केंद्रों के स्थल में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 7 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए थे। जारी आदेश के अनुसार ढीमरखेड़ा तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पान उमरिया द्वारा अब उप कृषि उपज मंडी उमरियापान में खरीदी की जाएगी। वहीं, विजयराघवगढ़ तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति जिवारा द्वारा मारुति वेयरहाउस, ग्राम सतवारा में उपार्जन कार्य किया जाएगा। शासन द्वारा इस वर्ष एफएक्यू (औसत अच्छी गुणवत्ता) श्रेणी की मूंग का समर्थन मूल्य 8,767 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का 7,800 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित किया जाएगा। किसानों को शाम 6 बजे तक तौल पर्ची जारी की जाएगी। विशेष परिस्थितियों में शनिवार को भी तौल कार्य किया जा सकेगा।

कलेक्टर ने केंद्र प्रभारियों को मौसम के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इनमें वाटरप्रूफ तिरपाल, नमी मापी यंत्र (मॉइस्चर मीटर), बड़े इलेक्ट्रॉनिक कांटे, छननी एवं ग्रेडिंग मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। केवल एफएक्यू गुणवत्ता की उपज ही खरीदी जाएगी, जबकि नॉन-एफएक्यू उपज स्वीकार नहीं की जाएगी। उपज विक्रय हेतु किसानों को आधार कार्ड की प्रति, बैंक पासबुक (आईएफएससी कोड एवं खाता संख्या सहित), समग्र आईडी, किसान पंजीयन पर्ची, खसरा/ऋण पुस्तिका तथा वनाधिकार पट्टाधारी होने की स्थिति में पट्टे की प्रति साथ लाना अनिवार्य है। उपार्जन के उपरांत कंप्यूटर जनित रसीद की एक प्रति संस्था द्वारा सुरक्षित रखी जाएगी, जबकि दूसरी प्रति किसान को प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, कई घायल

**कटनी**। माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने स्कूली बच्चों से भरा एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि घटना के वक्त वहां मौजूद स्थानीय राहगीरों और दुकानदारों ने तुरंत तत्परता दिखाई। राहगीरों ने बिना वक्त गंवाए सीधे मौके पर पहुंचकर पलटे हुए ऑटो से बच्चों को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, इस हादसे में ऑटो सवार 3 से 4 स्कूली बच्चों को चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है।

### बदमाशों ने वृद्ध की जेब से 30 हजार रूपये पार

**कटनी**। माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एडीएम लाईन निवासी थाबरदास थारवानी 57 वर्ष बीती शाम शनि मंदिर के पास राबर्ट लाईन इलाके में गए हुए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात शातिर चोर ने उनकी जेब पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के मुताबिक, उनकी जेब में 30,000 रुपये नगद रखे हुए थे, जिसे चोर ने बेहद सफाई से पार कर दिया। जब थाबरदास को पैसे गायब होने का अहसास हुआ, तो उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन चोर का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर संदेहियों की तलाश शुरू कर दी है।

### युवक पर चाकू हमला

**कटनी**। रंगनाथनगर थाना क्षेत्र में बस्ती निवासी प्रतीक गुप्ता 16 वर्ष और उसके भाई प्रथम गुप्ता पर बीती रात करीब 11:15 बजे हमला हुआ। आरोपी नारायण नागदेव और उसके एक अन्य साथी ने दोनों भाइयों को घेरकर गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से पीटा, दांत से काटा और चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया। आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक से की मारपीट

**कटनी**। माधवनगर थाना अंतर्गत बरगवां में एक युवक के साथ मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम देवगांव निवासी आनंद रजक 22 वर्ष जब बरगवां में थे तब माधवनगर निवासी आरोपी साहिल पासी और प्रियांशु ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने आनंद से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब आनंद ने पैसे देने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी और लात-घूंसों से मारपीट कर उन्हें गंभीर चोटें पहुंचाईं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### जलजमाव की समस्या के त्वरित निराकरण

**कटनी**। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों को जलजमाव एवं वर्षा जनित समस्याओं से त्वरित राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम कार्यालय में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थलों से प्राप्त 18 शिकायतों का त्वरित निराकरण कराया गया है। निगम प्रशासन के निर्देशानुसार 24 घंटे संचालित इस कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी अपनी शिफ्ट में उपस्थित होकर प्राप्त होने वाली शिकायतों को तत्काल संबंधित वार्ड की टीम को प्रेषित कर शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य अमले, बाढ़ नियंत्रण दल एवं आवश्यक मशीनरी को तत्काल मौके पर रवाना किया जा रहा है, त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप शिकायतों का शीघ्र निराकरण कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कंट्रोल रूम प्रभारी ने बताया कि कंट्रोल रूम के फोन नंबर 076220-231772 पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जलभराव एवं जल निकासी संबंधी शिकायतों का निराकरण तीव्रता से कराया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर यह कंट्रोल रूम शासकीय अवकाश शनिवार एवं रविवार के दिन भी संचालित किया जा रहा है।

---

### जिम्मेदारों की बेपरवाही से बेरोकटोक तरीके से किया जा रहा ओवरलोड परिवहन

# अवैध उत्खनन एवं परिवहन से माफिया काट रहे चांदी, सरकार को राजस्व की तगड़ी चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

नदियों व नालों से सारे नियम कायदों और सरकारी फरमान की धज्जियां उड़ाते हुए माफियाओं द्वारा खनिजों का मनमाने तरीके से दोहन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा खनिज के अवैध दोहन एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के भले ही दावे किये जा रहे हैं लेकिन माफियाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। लोगों की शिकायतों पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तगड़े मुनाफे के चलते रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। नियमों को दरकिनार कर मनमाफिक ढंग से नदियों व नालो से पोकलेन व जेसीबी मशीनों द्वारा खुलेआम रेत की निकासी की जा रही है। कहीं चोरी-छिपे तो कहीं सेटिंग से इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। खनिज के मनमाने उत्खनन से जहां नदियों व घाटों का स्वरूप तहस-नहस हो रहा है वहीं दूसरी ओर जलीव जीव भी बेमौत मारे जा रहे हैं।



रेत माफिया खुलेआम न केवल नदियों से रेत का उत्खनन करवाते है अपितु नदियों से सीधे ट्रक हाइवा में रेत भरकर तिरपाल से ढंककर रेत का परिवहन करते हैं। बड़वारा थाना के बगल से एवम सामने से खुलेआम रेत का परिवहन करते हैं इनके ऊपर कार्रवाई नही किये जाने से ये कानून की परवाह नही करते हैं। एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए नदियों में बेखौफ होकर रेत का उत्खनन किया जा रहा है और शासन को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है बावजूद प्रशासन मौन धारण किया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि माफिया बिना अनुमति रेत का अवैध कारोबार चला रहे है गुर्गों के दम पर अवैध कारोबार चल रहा है। ग्रामीणों को धमकी देकर अवैध तरीके से गांव की नदियों से रेत निकालकर बड़े पैमाने पर बेचकर शासन को चूना लगा रहे हैं। पुलिस, माइनिंग, राजस्व विभाग मौन धारण किये है जिससे रेत माफियाओं के हौंसले बुलंद है।। रेत माफिया के द्वारा नियम कायदों को दरकिनार कर अवैध तरीके से कारोबार चल रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि सब कुछ जानते हुए भी इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगा पा रही है। रेत माफियाओ को कहीं राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है तो कहीं स्थानीय राजस्व व पुलिस अधिकारियों द्वारा अभयदान है। संरक्षण और सेटिंग के चलते रेत माफिया बेधड़क मन मुताबिक नदियों व नालों से रेत की निकासी कर रहे है। डंपरो, हाईवा सहित अन्य भारी वाहनों में क्षमता से अधिक खनिजों का परिवहन किया जा रहा है इससे मुख्य मार्गों सहित अन्य ग्रामीण मार्गों की सूरत बदहाल हो जाती है। माफियाओ को मिली सरपरस्ती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यदि ग्रामीणों द्वारा अवैध उत्खनन या परिवहन का विरोध करते हुए कार्यवाही के लिए पुलिस या राजस्व अधिकारियों को सूचना भी दी जाती है तो जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

रेत का अवैध उत्खनन परिवहन में स्थानीय कुछ सफेदपोशों का भी संरक्षण मिला है। हावी रेत माफियाओं के हौसले यहां तक बढ़ गये हैं कि रेत की निकासी के लिए नदियों की प्राकृतिक धाराओं को ही मोड़ दिया जाता है। ओवरलोड भारी भरकम हाईवा बेरोकटोक सड़को पर दौड़ रहे है। 50-50 टन वजनी हाईवा जहां से भी गुजरते है वही सड़को की शामत आ जाती है। वाहनो के साइड लेते ही किनारे से सड़क टूटने के अलावा कभी दबकर ढाल बनने तो कही अधिक दवाब से गढडा बन जाता है। सड़को का दम निकाल रहे भारी भरकम ओवरलोड वाहनों पर कभी कभार ही दिखावे की कार्यवाही होती है। नतीजन सड़के बर्बाद हो रही है। ग्रामीण सड़को के अलावा शहर की अंदरूनी सड़को में भी भारी वाहनों की धमाचौकड़ी से सड़कों का दम निकल रहा है।

---

## विशेष संपत्ति कर शिविर में निगम कोष में जमा हुआ 15 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शुक्रवार को निगम कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालयों में विशेष राजस्व वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों ने संपत्ति कर पर प्रदान की जा रही अग्रिम 5 प्रतिशत छूट का भरपूर लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में संपत्ति कर की राशि निगम कोष में जमा कराई। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार प्रातः 10 बजे से ही निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालयों में संपत्ति कर जमा कराने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई थीं। नागरिकों को सरल एवं सुगम प्रक्रिया के माध्यम से छूट का लाभ प्रदान करते हुए संपत्ति कर जमा कराया गया।

उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक नागरिकों को 5 प्रतिशत अग्रिम छूट का लाभ दिलाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग की टीमों द्वारा विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान भी चलाया गया। इस दौरान नागरिकों को छूट संबंधी जानकारी प्रदान कर उन्हें समय पर संपत्ति कर जमा कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा मौके पर ही कर राशि जमा कराने की प्रक्रिया भी




संपन्न कराई गई।

राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार शाम 5 बजे तक निगम कोष में 280 रसीदों के माध्यम से संपत्ति कर मद में लगभग 15 लाख रुपये की राशि जमा कराई जा चुकी है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम कार्यालय, जोन कार्यालयों के काउंटरों एवं डोर-टू-डोर माध्यम से संपत्ति कर जमा कराने का कार्य निरंतर जारी है। शासन निर्देशों के अनुपालन में संपत्ति कर जमा करने पर 5 प्रतिशत की प्रदान की जाने वाली छूट का लाभ आगामी 31 जुलाई तक प्रदान किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अधिक से अधिक नागरिकों से छूट का लाभ उठाकर नगर विकास में सहयोगी बनने की अपील की है।

---

### महापौर ने शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के दिये दिशा निर्देश

## जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर की बहुप्रतीक्षित जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। गुरुवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद जनप्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन मार्ग का स्थल निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि यह सड़क शहर के सबसे महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों में से एक है। वर्षों से मार्ग संकरा होने के कारण यहां प्रतिदिन यातायात का भारी दबाव रहता था, जिससे नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क



चौड़ीकरण पूर्ण होने के बाद इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित होगी।

वर्तमान में मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण परियोजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर का समग्र विकास एवं नागरिकों की सुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर की यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महापौर श्रीमती सूरी को शेष कार्यों की प्रगति से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सभी लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने जलपा देवी वार्ड के अन्य स्थलों का भी भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी,सुभाष शिब्बू साहू,एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता,पार्षद शकुंतला सोनी, सहायक यंत्री सुनील सिंह,उपयंत्री रवि हनोते, मोना करेरा, मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

---

### सड़क में गड्ढे से वाहन चालक व राहगीर परेशान



उमरियापान नगर के सबसे व्यस्त क्षेत्र झंडा चौक में खोदी गई सड़क राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं। बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। कई बार वाहन गड्ढों में उछल जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।जानकारी के मुताबिक गांव के विभिन्न हिस्सों में केबल बिछाने के लिए बीएसएनएल कंपनी द्वारा करीब चार महीने पहले रातोंरात मशीन से पक्की सड़क की खुदाई कराई गई थी। खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, जिसके कारण समय के साथ सड़क की स्थिति और खराब होती चली गई। झंडा चौक मुख्य बाजार होने के कारण यहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। आसपास दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान और बसों का आवागमन होने से सड़क पर हमेशा भीड़ बनी रहती है। ऐसे में जर्जर सड़क और पानी से भरे गड्ढे लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और पैदल राहगीरों को उठानी पड़ रही है। गड्ढों से गुजरते समय वाहनों के पहियों से उछलने वाला गंदा पानी सड़क किनारे खड़े लोगों और दुकानदारों पर पड़ता है, जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है।इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि सड़क का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य के लिए कार्रवाई की जाएगी।

---

## ननि कर्मचारियों के साथ विवाद मामले में आरोपित को कोर्ट से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम से जुड़े बहुचर्चित प्रकरण में जिला न्यायालय कटनी ने मुख्य आरोपी मोहम्मद जावेद कुरेशी को जमानत प्रदान कर दी। आरोपी ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जिसके पश्चात जमानत आवेदन पर दोनों पक्षों की विस्तृत बहस हुई। सभी तथ्यों एवं अभिलेखों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया।

यह मामला उस समय चर्चा में आया था जब स्टेशन रोड स्थित नो पार्किंग क्षेत्र से वाहन हटाने को लेकर नगर निगम कर्मचारियों एवं आरोपी पक्ष के बीच कथित विवाद और मारपीट की घटना हुई थी।

घटना के बाद नगर निगम

### हाई-प्रोफाइल मामले में मुख्य आरोपी को मिली जमानत, जिला न्यायालय ने सुनाया आदेश

कर्मचारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन, कोतवाली थाने का घेराव तथा चक्का जाम किया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से अधिवक्ता यश खरे ने आरोपी को न्यायालय में आत्मसमर्पण कराते हुए जमानत आवेदन प्रस्तुत किया तथा विस्तृत एवं प्रभावी बहस के माध्यम से अपना पक्ष रखा।

बचाव पक्ष द्वारा प्रस्तुत तथ्यों एवं विधिक तर्कों पर विचार करने के उपरांत न्यायालय ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया।सुनवाई के दौरान स्कूटी वाहन की जब्ती की वैधता का मुद्दा भी न्यायालय के समक्ष उठाया गया।

#### चर्चा का विषय बना मामला

बचाव पक्ष के अनुसार न्यायालय ने वाहन की जब्ती को अवैध मानते हुए कटनी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, कटनी को संबंधित स्कूटी वाहन तत्काल छोड़े जाने के संबंध में निर्देश जारी किए।नगर निगम के धरना-प्रदर्शन, पुलिस कार्रवाई तथा न्यायालय के आदेश के बाद यह मामला पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

---

### पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण, गिरफ्तारी की कि गई मांग

## फंदे पर लटका मिला प्रौढ़, परिजनों ने किया चक्काजाम प्रदर्शन, हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान थाना क्षेत्र के बरेली गांव में एक प्रौढ़ का शव फंदे पर लटका मिलने के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए आजाद चौक पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। पुलिस ने मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक बरेली निवासी शोहबत चक्रवर्ती (56) का शव बुधवार रात करीब साढ़े सात बजे फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव



को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान भेज दिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे जांच में शामिल किया गया है।गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर उमरियापान के आजाद चौक पहुंचे और सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

परिजनों का आरोप था कि शोहबत चक्रवर्ती की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया गया है। मृतक के पुत्र शिवसहाय चक्रवर्ती ने बताया कि 2 जुलाई को जमीन विवाद को लेकर गांव में समाज के ही लोगों ने उनके पिता के साथ मारपीट की थी। इसकी शिकायत उमरियापान थाने में भी की गई थी। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चक्काजाम किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और परिजनों से चर्चा कर निष्पक्ष जांच एवं कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त कराया गया।

#### छह लोगों पर प्रकरण दर्ज

उमरियापान थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि मृतक के पास मिले सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें जगदीश चक्रवर्ती, जगन्नाथ चक्रवर्ती, रामनाथ चक्रवर्ती, बैजनाथ चक्रवर्ती और दो महिला शामिल है। पुलिस ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

---

### ग्रामीणों को मिलेगी 125 दिन रोजगार की गारंटी

## श्रमिकों के बैंक खातों में होगा मजदूरी का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्रामीण रोजगार और आजीविका को नई दिशा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) – वीबी-जी राम जी अधिनियम लागू की गई है। इसके साथ ही पूर्व में संचालित मनरेगा व्यवस्था का स्थान नए कानून ने ले लिया है। इस कानून का उद्देश्य वर्ष 2047 तक ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, कुशल और आधुनिक बनाना है।

नए कानून के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार के प्रत्येक वयस्क सदस्य को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के वैधानिक रोजगार की गारंटी दी गई है। केंद्र सरकार ने देशभर में न्यूनतम ग्रामीण मजदूरी 300 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की है, जिससे




लाखों ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी।

#### भुगतान में देरी पर क्षतिपूर्ति का प्रावधान

जीरामजी कानून में मजदूरी का भुगतान सीधे श्रमिकों के बैंक खाते में किया जाएगा तथा निर्धारित अवधि के बाद भुगतान में देरी होने पर क्षतिपूर्ति का भी प्रावधान रखा गया है। अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत राज्य सरकारों को बुवाई एवं कटाई जैसे कृषि के व्यस्त मौसम में अधिकतम 60 दिनों तक रोजगार कार्य स्थगित करने की अधिसूचना जारी करने का अधिकार दिया गया है। वहीं पात्र व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान भी किया गया है।

#### चार विषयगत स्तंभ पर आधारित योजना

जी राम जी योजना चार प्रमुख विषयगत स्तंभों पर आधारित है, जो गांव के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करेंगे। इसके तहत कुल 318 कार्यों को शामिल किया गया है। जिनमें जल सुरक्षा के 107, ग्रामीण अवसंरचना के 90, आर्थिक संपत्ति से जुड़े 86 एवं आपदा न्यूनीकरण से जुड़े 35 कार्य है, जो सुरक्षित, समृद्ध और सतत ग्राम विकास की नींव मजबूत करेंगे।

ग्रामीण युवाओं को रोजगार के साथ बेहतर आजीविका के अवसर

मनरेगा और जी-राम-जी कानून के बीच सबसे बड़ा अंतर रोजगार अवधि, मजदूरी और कार्यों की प्रकृति में है। जहां मनरेगा में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी थी, वहीं नए कानून में इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इसके अलावा अब केवल अकुशल श्रम ही नहीं, बल्कि कौशल विकास आधारित कार्यों को भी शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार के साथ बेहतर आजीविका के अवसर मिल सकें।

---

## शिविर में शिकायतों पर हुई सुनवाई, विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार शुक्रवार को निगम कार्यालय में समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों एवं पेंशनरों से प्राप्त 16 सेवा संबंधी शिकायतों एवं आवेदनों पर सुनवाई की जाकर संबंधित शाखा की ओर निराकरण हेतु प्रेषित किया गया। आयोजित शिविर के दौरान उपयुक्त द्वय शैलेश गुप्ता एवं श्रीमती प्रियंका झारिया सहित अन्य शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

शिविर में पेंशन, परिवार कल्याण निधि, ईपीएफ (EPF),

### कर्मचारी संघ ने निगम प्रशासन की संवेदनशील पहल की सराहना कर जताया आभार

ईएसआईसी (ESIC), जीपीएफ (GPF), एनपीएस (NPS), यूएएन (UAN) तथा अन्य सेवा संबंधी एवं विधिक मामलों से जुड़े 16 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित शाखा अधिकारियों को तत्काल परीक्षण एवं निराकरण के लिए सौंपते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त के निर्देशानुसार जिन पेंशन प्रकरणों में शासन स्तर पर दस्तावेजों के अभाव अथवा अन्य कारणों से विलंब हो रहा है, उनमें संबंधित आवेदकों से आवश्यक अभिलेख शीघ्र प्राप्त कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर निगम स्तर से समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

कर्मचारी संघ ने जताया आभार

नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने निगम प्रशासन की इस कर्मचारी हितैषी पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के समस्या निवारण शिविर कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के प्रति निगम प्रशासन की संवेदनशीलता एवं सकारात्मक कार्यशैली को प्रदर्शित करते हैं। इससे कर्मचारियों का विश्वास एवं मनोबल और अधिक सुदृढ़ होगा।

खबर संक्षेप



## गरीब विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट कर शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**पन्ना।** जिला अंबेडकर समिति के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह जाटव द्वारा शासकीय विद्यालय कल्याणपुर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह जाटव ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की उन्नति का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। डॉ. जितेंद्र सिंह जाटव लंबे समय से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से उनकी आर्थिक सहायता एवं शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उमा खरे, शिक्षक बृजकिशोर पाठक तथा समाजसेवी रामबिहारी गोस्वामी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायी बताया।

## 284.5 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 284.5 मि.मी. अर्थात 11.2 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 193 मि.मी. अर्थात 7.5 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 477.5 मि.मी. अर्थात 18.7 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 459.4 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 266 मि.मी., हटा 346.8 मि.मी., जबेरा में 239 मि.मी. पथरिया 352 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 204.8 मि.मी, बटियागढ़ 124 मि.मी. तथा पटेरा में 459.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 6.5 मि.मी. अर्थात 0.2 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र हटा में 23.6 मि.मी., जबेरा में 9.0 मि.मी. पथरिया 1.0 मि.मी. तथा पटेरा में 12 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

एक ही निर्धारित दुकान पर कोर्स और युनिफॉर्म होने के कारण पालकों को इसकी भारी-भरकम रकम चुकानी पड़ रही

# निजी विद्यालयों की मनमानी, चुनिंदा दुकानों पर ही कॉपी-किताबें व यूनिफॉर्म लेने का भी दबाव

### प्राइमरी कक्षाओं का कोर्स 3 से 4 हजार का, इसमें 60 फीसदी कमीशन स्कूल का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

निजी विद्यालयों की मनमानी और शिक्षा के व्यवसायीकरण पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 में सख्त कानूनों का प्रावधान किया है जहां नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होते ही शासन प्रशासन निजी शैक्षणिक संस्थाओं की मनमानियों पर नकेल कसने की मंशा से काफी सजग बना हुआ है। वहीं नगर की शैक्षणिक संस्थाओं की एक बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए थे। इसके बावजूद भी कुछ शैक्षणिक संस्थायें अपनी मनमानी पर उतारू हैं और गुपचुप तरीके से स्कूल से ही अविभावकों को निजी प्रकाशनों की पुस्तकें और ड्रेस लेने के लिए मजबूर कर रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि को एक अविभावक ने अपना नाम उजागर ना करने की शर्त पर बताया कि स्कूल में बच्चों को ड्रेस सहित पूरी बुकें लेकर आने बोला जा रहा है। फिर जब पालक बाजार में उस स्कूल की ड्रेस और बुक्स लेने जा रहे हैं तो उन्हें नहीं मिलने की स्थिति में संस्था से ही उपलब्ध कराने का बोला जा रहा है। लेकिन यह जानकारी सार्वजनिक नहीं करने के लिए भी दबाव बनाया जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की ऐसे स्कूलों की मनमानियों पर तत्काल प्रभाव से औचक निरीक्षण कर दंडात्मक कार्यवाही की जाये। स्थित यह है कि स्कूल और दुकानदारों के बीच टाईअप है, जिसमें पालकों को तय दुकान से ही किताब कॉपी व युनिफॉर्म लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। निर्धारित एक ही दुकान पर कोर्स और युनिफॉर्म होने के कारण पालकों को इसकी भारी-भरकम रकम चुकानी पड़ रही है। कक्षा 1 से 5 तक कोर्स की किताबें 3-4 हजार रुपए में मिल रही है। जबकि युनिफॉर्म, जूते, टाई और बेल्ट आदि की मोटी रकम अलग से चुकानी पड़ती है। दरअसल जानकारी के अनुसार दुकानदारों को 60 फीसदी कमीशन स्कूल प्रबंधन को देना पड़ रहा है। यही कारण है कि सभी सामग्री के रेट फिक्स है। हरिभूमि रिर्पोटर ने दुकानों पर पहुंचकर अलग-अलग स्कूलों के कोर्स और युनिफॉर्म आदि सामग्री के रेट पूछें साथ ही साथ ही कितनी दुकानों पर उपलब्ध है यह पूछने पर पता चला कि इसके लिए स्कूलों की दुकानें निर्धारित है। सिर्फ उसी पर कोर्स और युनिफॉर्म मिलेगा जिससे स्कूल प्रबंधन का टाईअप है। लेकिन खासबात यह है कि प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### शिक्षा के स्तर और शिक्षकों की गुणवत्ता की हो जांच

हटा ब्लॉक में कुछ प्राइवेट विद्यालय संचालक अभिभावकों को अपनी तरफ खींचना एवं आकर्षण करने का कार्य कर रहे हैं। क्या इन स्कूलों के माध्यम से कलेक्टर दर पर शिक्षकों को वेतन दिया जा रहा है या नहीं जो इन निजी स्कूलों में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन शिक्षकों की गुणवत्ता का मापदंड ब्लॉक एवं जिला शिक्षा विभाग के पैरामीटर के अंतर्गत है या नहीं इसकी भी जांच की जानी चाहिए, यदि बीआरसी शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विभाग के अधिकारियों के माध्यम से निष्पक्ष जांच की जाएगी तो हटा ब्लॉक के आधे से ज्यादा निजी स्कूलों में ताला लटकता दिखाई देगा निजी शिक्षण संस्थाओं ने शिक्षा का व्यवसायीकरण किए जाने की वजह से गरीब और मध्यवर्गीय परिवार अपने बच्चों को बेहतर तालीम दिलाने में विफल साबित होते दिखाई दे रहे। हालांकि लगातार निजी स्कूलों की मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासनिक अमले ने जांच के दावे करते हुए हटा में जांच दल गठित कर दिया।

### युनिफॉर्म मिल रहीं केवल 1-2 दुकानों पर

किताबों पर ही नहीं बच्चों की युनिफॉर्म पर भी स्कूल और दुकानदारों का एकाधिकार है। टाईअप के अनुसार लगभग सभी स्कूलों की युनिफॉर्म एक- दो गारमेंट्स पर ही मिल रही है। इस दुकान पर लगभग सभी स्कूलों की युनिफॉर्म का ठेका है। रिपोर्टर ने नगर की आधा दर्जन से अधिक रेडीमेड दुकानों पर युनिफॉर्म खोजीं, लेकिन दुकान संचालकों ने बताया कि हटा में सिर्फ एक- दो दुकान पर ही मिलेंगी। इससे पहले भी ठेके होते रहे है। स्कूल वाले कमीशन भी एडवांस में ले लेते हैं।

### स्कूलों की मोनोपॉली, दुकानें व कमीशन फिक्स

स्कूल प्रबंधन का भारी-भरकम और एडवांस में लिए जाने वाले कमीशन के कारण छोटे स्टेशनरी दुकानदार तो स्कूलों के कोर्स का व्यवसाय तो कर ही नहीं पाते है। बड़े दुकानदारों की आपसी अंडरस्टैंडिंग के कारण स्कूल बटें हुए हैं। अधिकांश बुक्स प्रायवेट पब्लिकेशन की होती है। जिसमें 40-50 पेज की बुक 400-500 रुपए की होती है। एक स्टेशनरी संचालक ने बताया कि कोर्स की कीमत और किताबों पर एमआरपी अधिक इसलिए रखनी पड़ती है, क्योंकि इसमें से करीब 50 प्रतिशत कमीशन तो स्कूल वालों को चला जाता है।

### इनका कहना है

हमारे पास भी इस तरह की शिकायतें आईं हैं तत्काल प्रभाव से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भेज कर औचक निरीक्षण करवा कर जांच करवाते हैं। निर्धारित मापदंडों का पालन ना करने की स्थिति में उचित दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**राकेश मरकाम**
**एसडीएम, हटा**

## ग्राम बिलतरा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का किया गया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडल तारादेही के ग्राम बिलतरा में लगभग 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन उप-स्वास्थ्य केन्द्र का विधिवत लोकार्पण मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण सौगात का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केन्द्र के प्रारंभ होने से ग्राम बिलतरा सहित आसपास के अनेक गांवों के नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। इससे ग्रामीणों को उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुविधाओं के लिए दूरस्थ क्षेत्रों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी तथा समय पर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि इस उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य शासकीय भूमि उपलब्ध न होने के कारण लगभग दो वर्षों से लंबित था। ऐसे समय में ग्राम के रजक परिवार ने समाजहित एवं जनकल्याण की भावना का परिचय देते हुए सड़क से लगी अपनी निजी भूमि दान स्वरूप प्रदान की। भूमि उपलब्ध होने के बाद निर्माण कार्य को गति मिली और आज यह स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए समर्पित हो सका। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि ने रजक परिवार के इस अनुकरणीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास में जनसहभागिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने परिवार के प्रति साधुवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह त्याग और सहयोग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह उप-स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का सशक्त माध्यम बनेगा।

# ग्राम पंचायत भजिया में किसानों को उड़द व अरहर बीज मिनी-किट का किया वितरण

### हरिजन, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के किसानों को मिला लाभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

खरीफ सीजन में दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत भजिया में कृषि विभाग द्वारा उड़द एवं अरहर बीज मिनीकिट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती संगीता बंसकार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान हरिजन, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के पात्र किसानों को शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क उड़द एवं अरहर के बीज मिनीकिट वितरित किए गए। कृषि विभाग की ओर से कुमारी दर्शिका दुबे, कृषि विस्तार अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किसानों को बीज वितरित किए। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी कुमारी दर्शिका दुबे ने किसानों को दलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती, उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा रोग एवं कीट नियंत्रण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे मिनीकिट का उद्देश्य किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाना, खेती की लागत कम करना तथा उनकी आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच श्रीमती संगीता बंसकार ने किसानों से शासन की कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन प्राप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार सहायता प्रदान कर रही है, जिनका लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचना चाहिए। बीज प्राप्त करने वाले किसानों ने शासन एवं कृषि विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध होने से खरीफ फसल की बुवाई में सुविधा मिलेगी तथा बेहतर उत्पादन प्राप्त होने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे। किसानों ने कृषि विभाग द्वारा दी गई तकनीकी जानकारी को उपयोगी बताते हुए आगामी खरीफ सीजन में वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने का संकल्प भी लिया।

# विहिप बजरंग दल ने लगवाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा




विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के 5 जुलाई से 12 जुलाई सेवा सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत आज नगर की छोटी खेरमाई मंदिर परिसर वार्ड क्र. 5 सेवा बस्ती में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सेवाभावी चिकित्सकों के द्वारा 73 पंजीकृत मरीजों को रक्तचाप, मधुमेह,नेत्र परीक्षण एवं अन्य सामान्य रोगों की जांच कर दवा वितरण सहित लाभान्वित किया गया।

शिविर का उद्घाटन विहिप के जिला संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष बबलू राय कक्का ने दीप प्रजवलन के साथ किया उद्घाटन सत्र में प्रखंड अध्यक्ष विदित सिंह तौमर ,प्रखंड मंत्री उदय सेन, प्रखण्ड संयोजक तेजी सिंह लोधी की उपस्थिति रहीं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से डॉ. अशोक बरानिया के निर्देशन में डॉ. श्रीमति अंजुल नामदेव, नेत्र चिकित्सा शमहेश साहू ,डॉ. यश अहिरवार एवं सहयोगी स्टाफ ने मरीजों के रोग जाँच उपरांत आवश्यक परामर्श के साथ दवाई वितरण भी की।

पंजीयन करने मैं विशेष संपर्क प्रमुख सिद्धार्थ मोदी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, प्रखण्ड उपाध्यक्ष मनीष साहू, लक्ष्मण यादव, हरिराम विश्वकर्मा, विक्रम लोधी, विजय विश्वकर्मा, विकेन्द्र जैन, वीरू महोबिया, सतोष चक्रवर्ती, राजकुमार केवट, करण उपाध्याय, परषोत्तम रजक, मुकेश रैकवार एवं संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रखण्ड सह मंत्री राजेश केवट ने शिविर समापन मैं समस्त चिकित्सकों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। संगठन सेवा सप्ताह में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, मंदिरों एवं नदी घाटो पर स्वच्छता अभियान भी चलाती है नगर के 2 मुक्तिधामों में एवं यथायोग्य स्थानों पर 51 पौधो के रोपण का कार्य भी कर रही है साथ ही नदी-घाट मंदिरों की सफाई का कार्य 5 जुलाई से लगातार चल रहा है।

# 18 को लगने वाली विशेष लोक अदालत के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

**दमोह।** म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों के त्वरित व आपसी सहमति से निराकरण के उद्देश्य से 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण भौतिक रूप से तथा तहसीलों में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित रहें। प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी ने बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारियो को चैक अनादरण के मामलों में पक्षकारों को समझाईस देकर प्रकरण के निराकरण के लिये प्रेरित करें। जिससे न्यायालय में लंबित प्रकरणों की संख्या कम हो सके और पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल सके साथ ही जारी नोटिस की समय सीमा भी तय किये जाने पर विशेष जोर दिया। इस विशेष लोक अदालत हेतु प्रकरणों में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संतोष गुप्ता को जिला समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है, कठिनाई आने पर उनसे समन्वय स्थापित किया जा सकता है। आपने लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समस्त न्यायाधीशगणों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दियें। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किये जाने पर लगाये गये न्याय शुल्क की वापिस प्राप्त होती है तथा पक्षकारों के समय की बचत भी होती है। लोक अदालत के माध्यम से निराकृत होने वाले प्रकरणों की अपील भी नही होती है इस प्रकार प्रकरणों अंतिम रूप से निराकरण हो जाता है। आपने सभी पक्षकारों से विशेष लोक अदालत में चैक अनादरण के प्रकरण निपटाये जाने की अपील की है ताकि सुलभ सरल एवं त्वरित न्याय प्राप्त हो सकें।

# तेज रफ्तार और लापरवाही बनी हादसे की वजह, युवक घायल




**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को बैलढाना से तेंदूखेड़ा की ओर आ रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदुम सिंह लोधी (30 वर्ष), पिता लक्ष्मण सिंह, निवासी ग्राम तेंदूखेड़ा तथा आशीष केवट, पिता हुकुम, निवासी तेंदूखेड़ा, मोटरसाइकिल से बैलढाना से तेंदूखेड़ा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। घटना की सूचना तत्काल तेंदूखेड़ा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान प्रदुम सिंह लोधी के पैर में गंभीर चोट पाई गई। उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। वहीं दूसरे घायल आशीष केवट का प्राथमिक उपचार कर आवश्यक चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया। घायल आशीष केवट ने बताया कि दुर्घटना के समय मोटरसाइकिल तेज रफ्तार में चल रही थी। उसने यह भी बताया कि दोनों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था तथा नशे की स्थिति में वाहन चला रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तेज गति, नशे की अवस्था और सुरक्षा नियमों की अनदेखी हादसे का प्रमुख कारण मानी जा रही है।

पुलिस ने मामले की जानकारी दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। वहीं चिकित्सकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की है। यह हादसा एक बार फिर इस बात की याद दिलाता है कि यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही न केवल चालक बल्कि अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा बन सकती है। समय रहते सावधानी बरतकर ऐसे हादसों से बचा जा सकता है।

श्रमदान कर फैली गंदगी को किया साफ

# गांधी बार्ड में फैली अव्यवस्थाओं पर कांग्रेसियो ने उठाया सफाई का बीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के गांधी वार्ड में बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा यहां के रहवासियों से लेकर स्कूलों में पढ़नें वाले छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है जहां न तो इस बार्ड में पूरी तरह पक्की सड़क है और न ही बारिश के मौसम में जलभराव करनें पानी निकासी के लिए कोई पुख्ता इंतजाम है जिस कारण इस वार्ड में जगह-जगह जलभराव व कीचड़ से भरी हुई सड़के बदहाल स्थिति में देखी जा सकती है। लोगो की परेषानियों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष योगेष सराफ नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश पटेरिया व कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने एक जुट होकर आज नगर के गांधी वार्ड पहुंचकर जेसीबी मशीन ले जाकर स्वंय इस दलदल भरी सड़क व जलभराव के स्थान पर अपना श्रमदान कर व्यवस्थाओं को सुधारनें का प्रयास किया। उपस्थित कांग्रेस जनों द्वारा बार्ड में स्थित बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा एवं विद्यालय परिसर आंगनवाड़ी परिसर में जलभराव से चारों ओर फैली गंदगी को श्रमदान कर अंबेडकर जी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर निजी जेसीबी टैक्टर ट्राली द्वारा परिसर के कचरे को हटाया गया एवं आंगनवाड़ी केन्द्र के सामने पाइप डालकर जल भराव की स्थिति को रोका गया साथ ही आसपास पडे. कचरे के ढेरों को उठाकर परिसर को साफ-स्वच्छ किया गया।पूर्व मंत्री राजा पटेरिया भी इस श्रमदान में उपस्थित रहें जहां श्रमदान करने वालों की सराहना करते हुए कहा कि जो कार्य प्रशासन को करना चाहिए वो जनमानस स्वयं कर रही है इससे ज्यादा प्रशासन की क्या शर्म की बात होगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश सराफ ने कहा कि प्रशासन को जनमानस की समस्याओं का ध्यान नहीं है आज हम सभी प्रशासन की कार्यशैली की निंदा करते है। श्रमदान कार्यक्रम में ब्रजेश गुप्ता,राजाराम साहू, महेन्द्र राय ब्रज खटीक ब्रिजेन्द्र कुसमया, जानकी अहिरवार, सौरभ राय, विनोद वर्मन, राहुल अहिरवार, विवेक जैन, मोहन लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों,युवाओं एवं स्थानीय वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

# वन स्टॉप सेंटर में लगा विधिक जागरूकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में स्थानीय वन स्टॉप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विश्वनाथ शर्मा, विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, उपसंचालक महिला एवं बाल विकास मंगलेश सिंह, महिला सशक्तिकरण अधिकारी संजीव मिश्रा, शिवा चौहान, रूपाली नायक, आभा मिश्रा प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर सहित महिलायें उपस्थित रही। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विश्वनाथ शर्मा द्वारा उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुये बताया महिलाओं के साथ घर के अंदर होने वाली हिंसा से बचाव के लिए घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम निर्मित किया गया है जिसके अंतर्गत महिलाओं को घर के अंदर शारीरिक, मानसिक, मौखिक, भावनात्मक एवं आर्थिक हिंसा से संरक्षण प्रदान किया गया है, पीड़ति महिला के पक्ष में विभिन्न आदेश पारित किये जा सकते हैं, साथ ही आपने घरेलू हिंसा, ऐसिड अटैक, अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि यदि किसी महिला को न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने में अधिवक्ता की आवश्यकता है और वह अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं है तो उसके द्वारा आवदेन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत करने पर निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है, साथ ही आपने मीडिएशन प्रक्रिया, निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाईन नंबर 15100 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर उन्हें उचित कानूनी सलाह प्रदान की गई तदुपरांत वन स्टॉप सेंटर में फलदार पौधों का रोपण भी किया गया।

**खबर संक्षेप**

## जिला कांग्रेस आज सौंपगी ज्ञापन

**दमोह।** जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों मोर्चा संगठनो मंडलम अध्यक्षो विभागो प्रकोष्ठो के पदाधिकारियो एवं समस्त काग्रेस जनों से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने अनुरोध किया है कि भाजपा सरकार में हुए नीट परीक्षा के पेपर लीक को लेकर अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी चढ़ावा चोरी को लेकर एवं किसानो को हो रही समस्याओ को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में दोपहर 12:30 बजे पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव एवं वरिष्ठ कांग्रेसियो की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है तत्पश्चात सायं 3 बजें समस्त कांग्रेस जनो की उपस्थिति मे जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम माननीय जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपेगे। कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## एम्बुलेंस व्यवस्था की भी होगी समीक्षा-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सीएमएचओ को तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही कहा एम्बुलेंस व्यवस्था की भी समीक्षा होगी। जबेरा में प्रसूता को समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के मामले में कलेक्टर ने लिया संज्ञान।

### गुबरा के पास गड्ढा बचाने के प्रयास में कार खेत में पलटी, चारों सवार सुरक्षित

# गड्ढों से जर्जर दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे बन रहा हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबेरा/सिग्रामपुर





दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे की जर्जर हालत राहगीरों और स्थानीय नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, जिससे लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है।

शुक्रवार दोपहर दमोह से जबलपुर की ओर जा रही एक फोर व्हीलर गाड़ी ग्राम गुबरा के समीप सड़क पर बने गड्ढे को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। वाहन में चार लोग सवार थे, जो कटंगी निवासी बताए जा रहे हैं। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में सभी सवार सुरक्षित बच गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार सतघटिया, धबालेन से लेकर ग्राम गुबरा होते हुए जमुनिया तक हाईवे का बड़ा हिस्सा खस्ताहाल हो चुका है। विशेष रूप से धबालेन-सतघटिया के बीच सड़क पर बने गहरे और चौड़े गड्ढे वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर सड़क और गड्ढों में अंतर करना मुश्किल हो जाता है। रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी के कारण गड्ढों का अनुमान नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। कई बार वाहन सड़क से उतरकर जंगल की ओर चले जाते हैं या पेड़ों से टकरा जाते हैं।

ग्राम गुबरा से जमुनिया के बीच लगभग एक किलोमीटर का हिस्सा भी अत्यधिक जर्जर हो चुका है। यहां गड्ढों की गहराई इतनी अधिक है कि भारी वाहनों के पहिए तक धंस जाते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग विशेष रूप से जोखिमभरा बना हुआ है और आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं।

सिंग्रामपुर निवासी सुनील, रवि, विशाल और निकिल ने बताया कि जबेरा-सिंग्रामपुर के जंगल क्षेत्र में धबालेन के पास सड़क लंबे समय से खराब पड़ी है। प्रतिदिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अभी तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।

क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि इसी मार्ग से जनप्रतिनिधि, विधायक और मंत्री भी आवागमन करते हैं, इसके बावजूद सड़क की स्थिति सुधारने के लिए ठोस पहल नहीं की जा रही है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

एनएचएआई के अधिकारी बंसल त्यागी ने बताया कि सिंग्रामपुर, दानीताल और गुबरा के बीच क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य बरसात थमने के बाद कराया जाएगा। धबालेन क्षेत्र में फिलहाल दो डंपर गिट्टी डलवाई जा रही है, ताकि मार्ग सुचारू रूप से संचालित रह सके। उन्होंने यह भी बताया कि दमोह-जबलपुर मार्ग के लिए दो अलग-अलग कंपनियों की टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि गुबरा और धबालेन क्षेत्र में शेष सड़क मरम्मत कार्य को जल्द शुरू कर पूरा कराया जाए। उनका कहना है कि सड़क की तत्काल मरम्मत और पुनर्निर्माण से दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

# तालाब से बाहर आ बैठा 5 फीट का मगरमच्छः बीजाडोगरी में दहशत





### वन विभाग ने पकड़ने हेतू लगाया पिंजरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बनवार

जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत ग्राम बीजाडोगरी के विजयपुरा मोहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया, जब गुरुवार सुबह बड़ा तालाब से निकलकर करीब 5 फीट लंबा मगरमच्छ तटीय क्षेत्र में आकर बैठा नजर आया। नहाने पहुंचे ग्रामीणों ने जैसे ही मगरमच्छ को देखा, पूरे गांव में दहशत फैल गई।

ग्रामीणों के अनुसार, यह वही मगरमच्छ है जिसने कुछ समय पहले एक लोमड़ी और एक कुत्ते को अपना शिकार बनाया था। ऐसे में अब लोगों में भय और ज्यादा बढ़ गया है। यह तालाब गांव का प्रमुख जलस्त्रोत है, जहां रोजाना महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग नहाने जाते हैं और मवेशी भी पानी पीते हैं। मगरमच्छ की मौजूदगी के बाद अब लोगों ने तालाब के पास जाना कम कर दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। लोगों ने चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की भी अपील की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़ अखिलेश चौरसिया ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया। शुक्रवार सुबह मगरमच्छ को पकड़ने के लिए तालाब किनारे मांस के टुकड़े रखकर पिंजरा लगाया गया है और लगातार निगरानी की जा रही है। डिप्टी रेंजर महेंद्र खरे ने बताया कि बीट भैसखार के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में वन विभाग का अमला तैनात कर दिया गया है। बीट गार्ड अनवर खान, चौकीदार भजनलाल और प्रवीण सहित स्टाफ मौके पर मौजूद है और मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू करने के प्रयास जारी हैं।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे तालाब के पास न जाएं, बच्चों को दूर रखें और मवेशियों को भी तालाब तक न जाने दें, जब तक कि मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ नहीं लिया जाता।

**बढ़ा खतरा, बढ़ी जिम्मेदारीः** गांव के बीच स्थित इस तालाब में मगरमच्छ की मौजूदगी ने एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष की चुनौती को सामने ला दिया है। अब सभी की नजर वन विभाग की कार्रवाई पर टिकी है।

## संदीपनी विद्यालय में किया गया साइकिल वितरण व वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पटेरा

संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि भारत पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, हरिभूमि के ब्यूरो चीफ नरेंद्र बजाज, सांसद प्रतिनिधि गणेश पटेल, प्राचार्य विवेक नेमा, कमलेश शर्मा, निरन सिंह, सुदीप शुक्ला, रितेश पटेल सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक में कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं की प्रवेश प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि विद्यालय की उपलब्ध बैठक क्षमता के अनुसार अन्य विद्यालयों से आने वाले विद्यार्थियों को मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा तथा अंतिम चयन सूची विद्यालय में चस्पा की जाएगी।



बैठक के उपरांत अतिथियों ने कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण किया तथा परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पीएमश्री कन्या हाईस्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र कटहरे भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 20 से 27 जुलाई तक निःशुल्क सहायक उपकरण परीक्षण शिविर

**दमोह।** भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत जिले के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 20 से 27 जुलाई 2026 तक विभिन्न विकासखंडों में चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। एडिप योजना के तहत पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, कैलीपर्स, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी, वैशाखी, वॉकर, व्हीलचेयर, कमर व घुटने के बेल्ट, गर्दन की कॉलर, श्रवण यंत्र सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविरों का आयोजन 20 जुलाई को जनपद पंचायत जबेरा, 21 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पालिका दमोह तथा नगर पंचायत हिण्डोरिया का संयुक्त शिविर स्थान जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र दमोह, 22 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पालिका हटा, 23 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत पटेरा, 24 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत पथरिया, 25 जुलाई को जनपद पंचायत बटियागढ़ तथा 27 जुलाई को जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत तेंदूखेड़ा में किया जाएगा।

## मुख्य सड़क पर जानलेवा गड्ढों को नपा ने किया ठीक, खबर का असर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा

नगर के बस स्टैंड से दमोह जाने वाले मार्ग पर रेस्ट हाउस से चिरोल तिराहा वाली सड़क पर बीचोंबीच बरसात में जानलेवा गड्ढों से राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था जिसकी खबर शुक्रवार को हरिभूमि अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी जिसे नगर पालिका सीएमओ एवं सब इंजीनियर द्वारा संज्ञान में लेते हुए तुरंत ही सड़क पर बने गड्ढों को भरवाने का कार्य किया गया जिससे अब यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को आने जने में राहत मिलेगी। इसी प्रकार गांधी वार्ड बूढ़ा हटा में नगर पालिका के पीछे से जाने वाले रास्ते एवं मुख्य सड़क से स्कूल होते हुए वार्ड में जाने वाली सड़क पर पर बरसात में रह वासियों का निकलना मुश्किल हो रहा था जिसकी खबर भी प्रकाशित की गई थी जहां नगर पालिका ने इन गलियों में भी बजरा मुरम डालकर फिलहाल बरसात में आने जाने लायक बना दिया। नगर पालिका द्वारा तुरंत संज्ञान में लेकर किए गए सड़क मरम्मत कार्य के लिए लोगों ने धन्यवाद की ज्ञापित किया।

## जनपद सदस्य की बेटी वंदना बनीं माइनिंग इंस्पेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा

विकासखंड हटा के ग्राम भैंसा निवासी किसान जनपद सदस्य श्रीमती अनुसुईया रानी खेमचंद पटेल की पुत्री एवं दीपक पटेल बरबसपुर की पत्नी श्रीमती वंदना पटेल ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर एमपी पीएससी खनिज विभाग में माइनिंग इंस्पेक्टर के पद पर चयनित होकर परिवार एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे अंचल में हर्ष का वातावरण है।

बंदना की सफलता पर देवरा सरपंच नारायण प्रसाद पटेल, जनपद सदस्य कन्हैयालाल पटेल, बलेह सरपंच लंबरदार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा समाज के गणमान्य नागरिकों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने भी सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

सभी ने कहा कि बंदना की यह उपलब्धि क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायी है। ग्रामीणों का कहना है कि एक किसान परिवार की बेटी का माइनिंग इंस्पेक्टर जैसे जिम्मेदार पद पर चयन इस बात का प्रमाण है कि कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। बंदना पटेल की सफलता से क्षेत्र के युवाओं में भी नया उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है।

## घायल बाघिन को उपचार के लिए जबलपुर भेजा, विशेषज्ञों की निगरानी में होगा परीक्षण



**दमोह।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मोहली परिक्षेत्र में 5 जुलाई 2026 को एक श्रमिक पर बाघ के हमले की घटना के बाद वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी और खोज अभियान चलाया गया। श्रमिक एवं गश्त पर मौजूद महिला वनरक्षक के अनुसार हमलावर बाघ के पंजे छोटे थे, जिसके आधार पर क्षेत्र में सर्चिंग की गई। 7 जुलाई को वन विभाग को लगभग 15 से 18 माह आयु की एक बाघिन मिली, जिसके हमले में शामिल होने की संभावना जताई गई। इसके बाद हाथियों की सहायता से लगातार गश्त कर बाघिन के व्यवहार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महावतों एवं अधिकारियों ने पाया कि बाघिन कई दिनों से भूखी प्रतीत हो रही है तथा उसके पिछले पैरों में चोट या अन्य समस्या के कारण उसकी चाल सामान्य नहीं थी। वनमण्डलाधिकारी ने बताया स्थिति से मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के वन्यजीव विशेषज्ञ एवं चिकित्सक डॉ. गुरुदत्त शर्मा तथा सेंटर फॉर वाइल्ड लाइफ हेल्थ एंड फॉरेंसिक, जबलपुर की विशेषज्ञ टीम को परीक्षण के लिए बुलाया गया। उन्होने बताया 9 जुलाई की सुबह हाथियों की सहायता से पुनः सर्चिंग कर बाघिन का पता लगाया गया। विशेषज्ञ दल ने सुरक्षित तरीके से उसे निश्चेतक कर स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें उसका पेट लगभग खाली तथा पैरों में सूजन पाई गई। वन विभाग ने बाघिन के विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण एवं समुचित उपचार के लिए उसे सेंटर फॉर वाइल्ड लाइफ हेल्थ एंड फॉरेंसिक, जबलपुर भेज दिया है। वहां विशेषज्ञों की निगरानी में उसका उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

## तेरह पेटी देसी शराब जब्त एक गिरफ्तार, दो फरार

### बटियागढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार भी जब्त



**बटियागढ़।** दमोह-छतरपुर मार्ग पर टेढ़ा आम के पास बटियागढ़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 पेटी देसी मसाला शराब एवं एक चार पहिया वाहन जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर घेराबंदी कर वाहन की जांच की गई, जिसमें 13 पेटी देसी मसाला शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब एवं वाहन को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। एसडीओपी ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में एसडीओपी प्रिया सिंधी के नेतृत्व में थाना प्रभारी रजनी शुक्ला, प्रधान आरक्षक नीरज रावत, प्रधान आरक्षक चंद्रहास, आरक्षक संकेत तिवारी, आरक्षक भानू उपाध्या ,सोनू कुर्मी,श्री राम पटेल, पायलट जितेंद्र राजपूत एवं बटियागढ़ थाना पुलिस के अन्य स्टाफ द्वारा की गई।

**कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश; दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

# खबर का असरः प्रतीक्षालय में प्रसव मामले में हरकत में आया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बनवार

जबेरा ब्लॉक के ग्राम बम्होरी में 108 एंबुलेंस की लापरवाही के चलते यात्री प्रतीक्षालय में प्रसव होने की खबर सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने तत्काल सीएमएचओ डॉ. राकेश राय को जांच के निर्देश दिए हैं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि यदि उस समय स्थानीय स्तर पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी, तो अन्य ब्लॉक से एंबुलेंस की व्यवस्था की जा सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए पूरे मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि बुधवार शाम ग्राम बम्होरी निवासी 30 वर्षीय कविता बाई को प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी। परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस को कॉल करने के बावजूद समय पर सुविधा नहीं मिल पाई। हालत


यात्री प्रतीक्षालय में हुआ प्रसव; गांव की महिलाओं ने निभाई बड़ी भूमिका

108 एंबुलेंस नहीं पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बनवार

स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की लापरवाही एक बार फिर सामने आई, जब 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने के कारण एक गर्भवती महिला को यात्री प्रतीक्षालय में ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। यह मामला जबेरा जनपद के ग्राम पंचायत माला के उप स्वास्थ्य केंद्र की अंतर्गत नया गांव टोला है, जहां घंटों इंतजार के बावजूद एंबुलेंस नहीं पहुंची।

बिगड़ने पर परिजन ई-रिक्शा से स्वास्थ्य केंद्र के लिए निकले, लेकिन रास्ते में वाहन खराब हो गया।

इसके बाद महिला को बस स्टैंड के पास बने यात्री प्रतीक्षालय में लाया गया, जहां करीब एक घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार किया गया। जब स्थिति गंभीर हो गई, तो गांव की महिलाओं ने तत्परता दिखाते हुए साड़ियों की आड़ बनाकर सुरक्षित प्रसव कराया।

प्रसव के बाद स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि रितेश राय ने मानवीय पहल करते हुए अपने निजी वाहन से जच्चा-बच्चा को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

इधर, सीएमएचओ द्वारा भोपाल कॉल सेंटर से जानकारी ली गई, जिसमें बताया गया कि घटना के समय जिले की तीनों एंबुलेंस अन्य मरीजों को लेकर बाहर थीं। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना जिम्मेदार अधिकारियों का कर्तव्य था।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि पूरे घटनाक्रम की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

क्या जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं इतनी लाचार हैं कि एक प्रसूता को सड़क किनारे बच्चे को जन्म देना पड़े? जबकि बम्होरी उप स्वास्थ्य केंद्र महज सौ मीटर की दूरी पर था और माला उप स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आने वाली प्रसूतिका का टोला नयागांव होने के बाद भी दोनों उप स्वास्थ्य केंद्र की स्टाफ नर्से नदारद क्यों थीं? स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बम्होरी और माला में पदस्थ नर्से सिर्फ टीकाकरण के दिन आती हैं और बाकी दिनों में स्वास्थ्य केंद्रों से नदारद रहती हैं। प्रसव के पहले सीबीएमओ विकास शुक्ला को भी उनके मोबाइल नंबर पर कॉल किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया गया। अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट और कार्रवाई पर टिकी है।